वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :2 अंक : 318 शनिवार 18 मार्च 2023 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

**मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने छात्रों को दिए सफलता के टिप्स**

## जीवन में उपलब्धि हासिल करने वाले पैदाइशी प्रतिभावान नहीं होते, मेहनत और ईमानदारी जरूरी

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

जयपुर स्थित विवेकानंद ग्लोबल यूनिवर्सिटी में शुक्रवार को 'सफलता के मंत्र' विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। इसमें केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल के साथ समाज के विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाले विशेषज्ञ शामिल थे। विद्यार्थियों के साथ ऐसे व्यक्तित्व को परिचर्चा में शामिल किया गया, जो समाज के धरोहर के रूप में विराजमान है। ऐसे सफल व्यक्तियों ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में उपलब्धि हासिल करने वाले पैदाइशी प्रतिभावान नहीं होते, लेकिन उनमें 'मैं यह कर सकता हूं' सोचने और उसे क्रियान्वयन करने की क्षमता होनी चाहिए। मनुष्य का मन जो एक बार सोच ले वो उसे हर हाल में प्राप्त कर लेता है। लेकिन उसके लिए हमें कड़ी मेहनत और ईमानदारी की जरूरत होती है। जीवन में सफलता दिन-ब-दिन दोहराए जाने वाले छोटे-छोटे प्रयासों का कुल योग है। कार्यक्रम की शुरूआत में डॉ. भरत




सहारन ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज हम अपने जीवन के लक्ष्यों और उपलब्धियों के बारे में जो चर्चा कर रहे हैं, उसके लिए विवेकानंद ग्लोबल यूनिवर्सिटी, जयपुर को बहुत बहुत आभार जो इस प्रकार के आयोजन में हमें शामिल किया। वीजीयू में पैनल चर्चा के लिए कई अतिथि पैनलिस्टों को आमंत्रित किया गया था। इनमें डॉ. भरत सहारन, जस्साराम, डॉ. वीरेंद्र सिंह, मदनलाल, बदन सिंह शामिल थे। अचीवर्स पैनल डिस्कशन के मुख्य अतिथि माननीय केन्द्रीय मंत्री अर्जुन रामजी मेघवाल एवं विशिष्ट अतिथि विजय पूनिया थे। अतिथि पैनलिस्ट में विभिन्न क्षेत्रों से शामिल विशेषज्ञ जो चिकित्सा, इंजीनियरिंग, सिविल सेवा, व्यवसाय और उद्यमिता आदि से थे। सभी ने छात्रों को प्रेरित करने के लिए अपनी सफलता की कहानियों और अपनी यात्रा को साझा किया और उन्हें अपने लक्ष्यों को निर्धारित करने के लिए प्रेरित करते हुए एक रोड मैप तैयार करने के लिए प्रोत्साहित किया। डॉ. सहारन पैनल चर्चा के मॉडरेटर थे और उन्होंने लक्ष्यों को निर्धारित करने और उन्हें प्राप्त करने के महत्व के बारे में अपनी राय और विचार साझा किए। अपने-अपने क्षेत्र में विशेषज्ञता रखने वाले अन्य अतिथियों ने अपने अनुभव साझा किए और छात्रों को अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। वीजीयू परिवार के गणमान्य लोगों ने अतिथि पैनलिस्टों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

## फिर से खिलेंगे ब्रज होरी में पूर्वांचल के रंग

**कई साल बाद रवीन्द्र मंच पर होगा आयोजन, कोरोना के चलते बंद हो गया था समारोह**

**जयपुर. कासं**

ब्रज सुर मंडल की ओर से शहर में फिर से ब्रज होरी समारोह की शुरूआत की जा रही है। ब्रज सुर मंडल के सचिव डॉ. पुष्पेन्द्र पाल सिंह और सह सचिव मुक्ता चड्ढा ने बताया कि कोरोना की पाबंदियों के कारण शहर में हर साल होने वाले इस समारोह की परंपरा टूट गई थी, उसी को फिर से जोड़ने के ब्रज सुर मंडल इस साल फिर से यह समारोह शुरू करने जा रहा है। इस बार 35वां ब्रज होरी समारोह रविवार को अपने परंपरागत स्थान रवीन्द्र मंच ओपन एअर थिएटर पर शाम 6.30 बजे से आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में पूर्वांचल के लगभग 100 लोक कलाकार रसिया, लांगुरिया, चरकुला,



मयूर नृत्य, बम रसिया, फूलों की होरी, कृष्ण लीला एवं ब्रज संस्कृति के रंग में रंगी अनेक प्रस्तुतियों से दर्शकों का मनोरंजन करेंगे। समारोह में पहले आओ पहले पाओ के आधार पर प्रवेश निःशुल्क रहेगा। निःशुल्क एंट्री पासेज रवीन्द्र मंच तथा एम.आई. रोड स्थित राहुल एंड कंपनी पर सुबह 11 से शाम 6 बजे तक प्राप्त किए जा सकते हैं।

## 'वसुधैव कुटुम्बकम' कार्यक्रम में जुटे धर्म गुरु

**भारत को विश्व गुरु बनाने का मैसेज देने के लिए तहरीक अमन ए हिंद समिति ने आयोजित किया इवेंट**

**जयपुर. कासं**

तहरीक अमन ए हिंद समिति की ओर से हाल ही भारत के जी-20 शिखर सम्मेलन की अध्यक्षता करने के उपलक्ष में राजधानी में 'एक शाम भारत को विश्व गुरु बनाने के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बिरला ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में अध्यक्ष अमीन पठान ने बताया कि इस वर्ष भारत को जी-20 समूह की बैठक की अध्यक्षता करने का ऐतिहासिक अवसर मिला



है। भारत की जी-20 की अध्यक्षता 'वसुधैव कुटुम्बकम' यानी एक पृथ्वी, एक परिवार और एक भविष्य थीम पर आधारित होगी। इसी सामाजिक सहभागिता को ध्यान में रखते हुए मुस्लिम समाज की ओर से भारत को विश्वगुरु बनाने के पथ पर अग्रसर करने में योगदान देने के लिए वसुधैव कुटुम्बकम की थीम पर उक्त कार्यक्रम आयोजित किया गया।



## श्रीमहावीरजी वार्षिक मेले की तैयारी बैठक

# जिला कलेक्टर ने अधिकारियों से की चर्चा...

**चंद्रेश जैन. शाबाश इंडिया**

श्री महावीरजी कश्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र में 1 अप्रैल से 7 अप्रैल तक आयोजित होने वाले भगवान महावीर के वार्षिक मेले को लेकर मुख्य मंदिर में करौली जिला कलेक्टर अंकित कुमार सिंह और पुलिसअधीक्षक नारायण टोगस ने व्यवस्थाओं को लेकर मेले में सभी विभागों के अधिकारियों के साथ चर्चा कर मेले की जिम्मेदारी सौपी। क्षेत्र के मैनेजर नेमी कुमार पाटनी ने बताया कि भगवान महावीर के वार्षिक मेले की तैयारियों को लेकर मेला बैठक आयोजित हुई जिसकी अध्यक्षता जिला कलेक्टर अंकित कुमार सिंह की । प्रबंध कारिणी कमेटी के अध्यक्ष सुधांशु कासलीवाल ने सर्वप्रथम मेले के कार्यक्रमों की रूपरेखा सभी विभागों के अधिकारियों के सामने रखी जिस पर जिला कलेक्टर ने विभाग बार जिम्मेदारी सौंपकर शांतिपूर्ण माहौल में मेला संपन्न कराने के निर्देश दिए मौके पर उपस्थित पुलिस अधीक्षक नारायण टोकस ने मेले में शांति ओर सुरक्षा व्यवस्था को कार्यक्रम को संबोधित किया। बैठक का संचालन हिंडौन उपखंड अधिकारी सुरेश हरसोलिया ने किया जिसमें सभी विभागों के अधिकारियों से अपने-अपने विभागों की ओर से मेले में दी जाने वाली व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया 1 अप्रैल से 7 अप्रैल के मध्य आयोजित होने वाले भगवान महावीर के वार्षिक मेले में पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए जलदाय विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया साथ ही पेयजल आपूर्ति के लिए अतिरिक्त टैंकरों की व्यवस्था भी की जाएगी विद्युत विभाग को मेला क्षेत्रमें मेले के दौरान 24 घंटे निर्बाध विद्युत आपूर्ति, चिकित्सा



### वर्षिक मेले से पहले गंभीर में छोड़ा जाएगा पांचना का पानी

श्री दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीर जी में आयोजित होने वाले और भगवान महावीर के वार्षिक मेले से पूर्व महासभा से गंभीर नदी में पानी छोड़ा जाएगा जिसको लेकर जिला कलेक्टर ने अधिशासी अभियंता को निर्देश देकर शीघ्र राज्य सरकार से अनुमति प्राप्त कर पानी छोड़ने की तैयारी के निर्देश जारी किए गौरतलब है कि प्रतिवर्ष भगवान महावीर के वार्षिक मेले के अवसर पर पांचना बांध से पानी छोड़ा जाता है जिससे भगवान महावीर का जलाभिषेक किया जाता है गंभीर में पानी आने से क्षेत्र के लोगो को पेयजल किल्लत की समस्या से भी राहत मिल सकेगी।

विभाग के अधिकारियों को 24 .7 मेडिकल सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए इसके लिए रेलवे स्टेशन सहित बस स्टैंड पर मेडिकल टीमों के साथ एक पोस्ट डिस्पेंसरी क्षेत्र में स्थापित करने के आदेश जारी किए मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए परिवहन व्यवस्था के लिए रेलवे स्टेशन हिंडौन सिटी कैला देवी महुआ नादौती रेलवे स्टेशन श्री महावीर जी सहित जयपुर दिल्ली अलवर से करीब 60 अतिरिक्त से संचालित होंगी। ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए अतिरिक्त पार्किंग व्यवस्था भी की जाएगी मेले से पूर्व चिकित्सा विभाग द्वारा मेला क्षेत्र सहित सम्पूर्ण क्षेत्र ने फॉगिंग करने के भी आदेश जारी हुए हैं। सफाई व्यवस्था के लिए 25 से 30 अतिरिक्त कार्मिक लगाए जाएंगे जो संपूर्ण कस्बे में अभियान चलाकर स्वच्छता का कार्य करेंगे। अतिक्रमण हटाने के लिए तहसीलदार व विकास अधिकारी को जिम्मेदारी सौंपी है कि आगामी दिवसों में चिन्हित कर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई सुनिश्चित करें। मेले के दौरान सुरक्षा इंतजामों की जिम्मेदारी हिंडोन उपाधीक्षक किशोरी लाल को सौंपी है जिनके नेतृत्व में मेला क्षेत्र में एकत्रित कंपनी मेले में सुरक्षा की जिम्मेदारी संभालेगी इसके साथ ही मंदिर प्रशासन को भी अपनी होटल व धर्मशाला में बिना आईडी कार्ड कमरे नहीं देने के निर्देश जारी हुए हैं।

### नवनिर्वाचित प्रबंध कारिणी का श्री महावीरजी आगमन पर हुआ भव्य स्वागत

श्री दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीर जी की नवनिर्वाचित प्रबंध कारिणी कमेटी का शुक्रवार को गाजे बाजे के साथ स्वागत किया। मैनेजर नेमी कुमार पाटनी ने बताया कि प्रबंध कारिणी कमेटी के त्रिवार्षिक चुनाव फरवरी माह में संपन्न हुए थे जिनमें प्रबंध कारिणी कमेटी के अध्यक्ष पद पर सुधांशु कासलीवाल उपाध्यक्ष पद पर चंद्रप्रकाश पहाड़िया शांति कुमार अंधका मंत्री पद पर महेन्द्र कुमार पाटनी कोषाध्यक्ष पद पर विवेक काला संयुक्त मंत्री उमराव मल संगी सुभाष जैन, कमेटी सदस्य पीके जैन प्रशासनिक समन्वय भारत भूषण जैन सहित पुरानी टीम ने उन्हें जीत हासिल की थी ।जिनका शुक्रवार को पहली बार श्रीमहावीरजी आगमन पर क्षेत्र के लोगों की ओर से भव्य स्वागत किया गया। भगवान देवनारायण मंदिर से गाजे-बाजे के साथ श्री दिगंबर जैन मुमुक्षु महिला आश्रम कृष्णा वाई माताजी मंदिर से दर्शन कर मुख्य मंदिर पहुंचे जहां भगवान महावीर के दर्शन कर क्षेत्र में प्रदेश अमन चैन की कामना की। इस मौके पर नवनिर्वाचित सदस्यों के साथ क्षेत्र के सर्व समाज के लोग उपस्थित थे। कृष्णा वाई माताजी मंदिर पर मंदिर के मैनेजर तरुण कुमार अरविंद जैन बाबू पटेल रामअवतार शर्मा बैद्यनाथ गोयल राजकुमार जैन दिगंबर जैन सोशल ग्रुप श्री महावीरजी के अध्यक्ष चंद्रेश कुमार जैन रामेश्वर गुर्जर आदि ने नवनिर्वाचित कमेटी का भव्य स्वागत किया।



# आदिनाथ जयंती महोत्सव के उपलक्ष्य में संगीतमय भक्तामर स्तोत्र पाठ अनुष्ठान का हुआ आयोजन

## श्रद्धालुओं ने भगवान आदिनाथ का पालना झूलाया, महिला मण्डल के तत्वावधान में अनुष्ठान किया गया



**निवाई. शाबाश इंडिया**

सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वावधान में श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन अग्रवाल मंदिर में समस्त महिला मण्डल के द्वारा संगीतमय भक्तामर स्तोत्र पाठ का आयोजन किया गया जिसमें श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। जैन समाज के प्रवक्ता विमल जौंला ने बताया कि भारत गौरव गणिनी आर्यिका विशुद्ध मति माताजी के आशीर्वाद से भक्तामर पाठ का अनुष्ठान किया गया। इस दौरान शशी सोगानी, पिंकी कठमाणा, हेमा बनेठा, रितु चंवरिया, सावित्री जैन, सुनीता बडागांव सहित अनेक कलाकारों ने संगीतमय भक्तामर स्तोत्र पाठ एवं भजन कीर्तन आयोजित किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ समाजसेवी प्रेमचंद गिन्दोडी, मुकेश जैन बनेठा, चेतन जैन, संजय सोगानी, नवरत्न टोंग्या, नरेश बडागांव ने भगवान आदिनाथ की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर विधिवत मंत्रोच्चार द्वारा शुभारंभ किया। कार्यक्रम की शुरूआत मंगलाचरण मुन्नीदेवी भाणजा, शकुंतला भाणजा, शशी सोगानी सपना छाबड़ा एवं सीमा जैन प्रेस ने संगीतमय णमोकार महामंत्र के साथ किया। महिला मण्डल की प्रचार संयोजक संजू जौंला ने बताया कि श्रद्धालुओं ने रिद्धि मंत्रों से 48 दीपकों को भक्तामर श्लोकों से मण्डप पर समर्पित किए गए। महिला मण्डल की प्रवक्ता संजू जौंला ने बताया कि सभी श्रद्धालुओं ने अपने मुखारविंद से भक्तामरजी का उच्चारण करते हुए सम्यग्दर्शन सम्यक ज्ञान एवं सम्यक चारित्र के दीपक समर्पित किए। इस दौरान भगवान आदिनाथ चालीसा, महावीर चालीसा एवं आचार्य मानतुंगाचार्य की वन्दना करके पंचपरमेष्ठी आरती की। इस दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान आदिनाथ का पालना झूलाया। इस अवसर पर कविता भाणजा, शशी लुहारा सुनीता बडागांव हेमा बनेठा शशी सांवलिया अवनि जैन हेमा रामनगर अन्तिमा झिराना ममता जैन इन्द्रा झिलाय ममता बोहरा संगीता झिलाय मीनाक्षी जैन सपना जैन राहुल जैन सहित कई महिलाएं एवं पुरुष मौजूद थे।

## एसोसिएशन ऑफ टैक्स पेयर्स एंड प्रोफेशनल्स राजस्थान ने प्रस्तावित एडवोकेट्स प्रोटेक्शन बिल 2023 में संशोधन के क्रम में दिया मुख्यमंत्री को ज्ञापन

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

21 मार्च 2023 को राजस्थान विधानसभा में प्रस्तुत किए जाने वाले एडवोकेट प्रोटेक्शन बिल की कुछ खामियों में संशोधन हेतु एसोसिएशन ऑफ टैक्स पेयर्स एंड प्रोफेशनल्स राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष विनोद पाटनी तथा महासचिव उमराव सिंह यादव ,उपाध्यक्ष गणेश कुमार शर्मा बीकानेर, कार्यकारिणी सदस्य राम चंद्र यादव, विष्णु भारद्वाज, विक्रम गोगरा, पवन गौतम गंगापुर सिटी, हिमांशु खत्री जैसलमेर तथा अज्जीजुद्दीन,मुकेश भारद्वाज, राज नारायण शर्मा, संजय पोद्दार सचिन जैन आदि ने मुख्यमंत्री माननीय अशोक गहलोत को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में धारा 3 में प्रस्तावित न्यायालय परिसर का दायरा बढ़ाने यथा सरकार के विभिन्न अर्द्ध न्यायिक अभिकरण,बोर्ड, ट्रिब्यूनल्स, एसेसिंग ऑफिसर्स आदि जगह टैक्स एडवोकेट्स प्रैक्टिस करते हैं उनको भी सुरक्षा प्रदान करने की मांग की गई। इस क्रम में राजस्थान टैक्स एडवोकेट्स एसोसिएशन, उदयपुर के भगवती लाल जैन द्वारा दिए गए सुझाव भी सम्मिलित किए गए। धारा 4 में प्रयुक्त किए गए शब्दो 'पुलिस यदि उचित समझे' को हटाया जाए , धारा 6 में 'संज्ञेय' शब्द के साथ 'गैर जमानती' शब्द जोड़ा जाए तथा धारा 9 में प्रयुक्त 'कर्त्तव्य के निर्वहन के दौरान' शब्द का दायरा और अधिक विस्तृत करने की मांग की।

# अग्रवाल एलिट ग्रुप का फाग उत्सव एवं होली स्नेह मिलन समारोह संपन्न हुआ



**कोटा. शाबाश इंडिया**

अग्रवाल एलिट ग्रुप का फाग उत्सव एवं होली मिलन समारोह बूंदी रोड स्थित महेश्वरी रिसोर्ट में एक भव्य आयोजन के तहत संपन्न हुआ। जानकारी देते हुए अग्रवाल एलिट ग्रुप के डायरेक्टर ओम जैन सर्राफ, ( अग्रवाल डायमंड )ने बताया कि कार्यक्रम में सबसे पहले महाराजा अग्रसेन भगवान के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन किया फिलौशिप के तहत ग्रुप के सदस्यों ने फाग उत्सव और होली स्नेह मिलन का भरपूर आनंद लिया। इस अवसर पर अग्रवाल एलिट ग्रुप के अन्य डायरेक्टर्स राजेंद्र अग्रवाल (एवरग्रीन मोटर्स), संजीव बजारी (सीए ), चंद्र प्रकाश मित्तल (मित्तल रसायन धातु ), राजेश गुप्ता शुभगिरी एवं कई गणमान्य व्यक्तियों ने कार्यक्रम का भरपूर आनंद लिया। विशेष आकर्षण के तहत कार्यक्रम के दौरान सभी सदस्यों के बीच में लकी ड्रॉ निकालकर महेंद्र मानसिका एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती को होली का मूर्खाधिराज की उपाधि से सम्मान किया गया।

## वेद ज्ञान

### मनुष्य के हृदय के साथ है अहिंसा का संबंध

हमारा देश धर्मप्रधान होने के कारण ही एक महान देश कहलाता है। यह वही भारतभूमि है, जहां से धर्म और दार्शनिक तत्व समूह ने बरसाती नदी के समान प्रवाहित होकर सारे संसार को सराबोर कर दिया था। संसार में अनेक प्रकार के प्रतिद्वंद्वी समूह रहेंगे ही, लेकिन इसका यह अर्थ नहीं कि एक-दूसरे से घृणा की जाए या विरोध किया जाए। प्रत्येक आत्मा में परमात्मा को देखने वाले महापुरुष ही धर्मस्वरूप को समझते हैं और वे ही अहिंसा की आराधना कर सकते हैं। अहिंसा एक सनातन तत्व है। अहिंसा, संयम, तप रूप मंगलमय धर्मदीप का प्रकाश यदि विश्व को आलोकित कर दे, तो निश्चय ही धरा से अज्ञान का तमस समाप्त हो सकता है। अहिंसा एक शाश्वत तत्व है। शून्यांश पर हिंसा नहीं, अहिंसा ही है। सह अस्तित्व के लिए अहिंसा अनिवार्य है। दूसरों का अस्तित्व मिटाकर अपना अस्तित्व बनाए रखने की कोशिश अंततः घातक होती है। अहिंसा भारतीय संस्कृति की मुख्य पहचान है। अहिंसा सभी को अभय प्रदान करती है। वह सृजनात्मक है और समृद्धता से युक्त है। आज का सभ्य संसार वातावरण में घुटन और अस्वस्थता का अनुभव कर रहा है। एक ओर कहीं विध्वंसक भौतिकता व्याप्त है। दूसरी ओर स्वार्थपरक भावनाओं से वह विषाक्त हो रहा है। आज शांति के लिए एक आध्यात्मिक जाग्रति आवश्यक है, जो राष्ट्र, समाज और परिवार से हिंसा का अंधकार दूर कर सके। महावीर स्वामी का अमृत संदेश समस्त प्राणी जगत के कुशल-क्षेम का संवाहक है, अपार शांति का अक्षय स्रोत है और मानव जाति को सुदृढ़ व सुगठित रखने का दिव्य संदेश है। जैन धर्म में अहिंसा का बड़ा ही व्यापक अर्थ लगाया जाता है, किसी की हत्या न करना या खून न बहाना ही अहिंसा का उदाहरण नहीं है। मन-वचन-कर्म से किसी को कोई कष्ट न देना अहिंसा है। अहिंसा के अंतर्गत केवल मानव ही नहीं पशु-पक्षी, जीव-जन्तु को भी कष्ट नहीं पहुंचाना है। अर्थात अपनी आत्मा के समान ही सबको मानो। अहिंसा का संबंध मनुष्य के हृदय के साथ है, मस्तिष्क के साथ नहीं। जिसके जीवन में अहिंसा का स्वर झंकृत होता है, वह केवल शत्रु को ही प्यार नहीं करता बल्कि उसका कोई शत्रु होता ही नहीं है। जिसको आत्मा के अस्तित्व में विश्वास है, वही हिंसा का त्यागी हो सकता है।

## संपादकीय

# हंगामे की भेंट चढ़ जाता है सदन का महत्वपूर्ण वक्त

अब सत्तापक्ष को राहुल गांधी के ब्रिटेन में दिए भाषण को लेकर कांग्रेस को घेरने का मौका मिल गया है। उसका कहना है कि राहुल गांधी ने विदेशी धरती पर भारतीय लोकतंत्र का अपमान किया है। इसके लिए उन्हें सदन में आकर माफी मांगनी चाहिए। ऐसी अपेक्षा की जाती है कि संसद में जरूरी मुद्दों पर स्वस्थ चर्चा होगी और समस्याओं के समाधान की दिशा में व्यावहारिक नतीजे निकाले जा सकेंगे। मगर पिछले कुछ सालों से संसद के दोनों सदन जैसे राजनीतिक दलों के लिए जोर-आजमाइश की जगहों में बदलते गए हैं। हर संसद सत्र में पक्ष और विपक्ष के बीच किसी न किसी मुद्दे को लेकर शुरू से लेकर आखिर तक हंगामा चलता रहता है। उसी में कुछ सांसदों को निलंबित करने की कार्रवाई भी की जाती है और फिर उसे लेकर अलग से हंगामा शुरू हो जाता है। अक्सर यह भी देखा जाने लगा है कि संसद सत्र अवधि से पहले ही स्थगित कर दिया जाता है। बजट सत्र में भी वही रुझान बना हुआ है। इसका पहला चरण हंगामे की भेंट चढ़ गया। दूसरे चरण में भी पहले ही दिन से हंगामा शुरू हो गया। विपक्ष ने पहले से तय कर रखा था कि वह अडाणी प्रकरण पर सत्तापक्ष को घेरेगा। यह बात सरकार को पता थी, इसलिए उसने अपने बचाव में तैयारियां कर रखी थी। विपक्ष अड़ा हुआ है कि अडाणी की कंपनियों को दिए गए कर्ज के मामले में सरकार अपना पक्ष रखे, मगर सत्तापक्ष उस पर कोई बात करने को तैयार नहीं है। अब सत्तापक्ष को राहुल गांधी के ब्रिटेन में दिए भाषण को लेकर कांग्रेस को घेरने का मौका मिल गया है। उसका कहना है कि राहुल गांधी ने विदेशी धरती पर भारतीय लोकतंत्र का अपमान किया है। इसके लिए उन्हें सदन में आकर माफी मांगनी चाहिए। फिर वे जिस सदन के सदस्य हैं, उसी सदन का अपमान करने का मामला दंडात्मक कार्रवाई का बनता है। उनकी सदस्यता समाप्त की जानी चाहिए। स्पष्ट है कि सरकार अडाणी प्रकरण को दबाने के लिए राहुल गांधी के भाषण को तूल देती रहेगी और संसद में किसी विषय पर कोई सार्थक बहस संभव नहीं हो पाएगी।



यह पहला मौका नहीं है, जब सत्तापक्ष और विपक्ष रणनीतिक रूप से संसद में हंगामा कर रहे हैं। पिछले कई सालों से यह प्रवृत्ति बनी हुई है। तीन कृषि कानूनों को लेकर भी इसी तरह हंगामा हुआ और फिर स्थिति यहां तक पहुंच गई थी कि कुछ विपक्षी नेताओं को पूरे सत्र के लिए संसद की कार्यवाही में हिस्सा लेने से रोक दिया गया। बाकी विपक्षी सदस्यों को सदन से बाहर निकालने के लिए सुरक्षाबलों का प्रयोग करना पड़ा था। कई बार ऐसा देखा जा चुका है कि विपक्ष संसद से बाहर निकल कर मीडिया के सामने अपनी बातें रखता रहा है। दरअसल, संसद की मर्यादाएं दोनों पक्ष तोड़ते देखे जा रहे हैं। सरकार जानबूझ कर उन असहज करने वाले सवालों से बचने का प्रयास करती है, जिनसे उसकी कमजोरी जाहिर हो सकती है। इसलिए वह हर बार कोई न किसी ऐसे मामले को तूल देती देखी जाती है, जिसके जरिए वह विपक्ष की गलतियां रेखांकित कर सके।

**-राकेश जैन गोदिका**

## परिदृश्य

# राजनीति और राहत

दिल्ली में विधायकों के वेतन-भत्तों में बढ़ोतरी के आम आदमी पार्टी सरकार के प्रस्ताव को राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने के बाद स्वाभाविक ही अब यहां के जनप्रतिनिधियों में राहत का भाव होगा। इस फैसले के अमल में आने पर दिल्ली के एक विधायक को अब मासिक वेतन-भत्ते के रूप में नब्बे हजार रुपए मिलेंगे। पहले यह राशि चौवन हजार रुपए थी। यानी वेतन-भत्तों में करीब छियासठ फीसद की बढ़ोतरी के बाद अब कहा जा सकता है कि दिल्ली की आम आदमी पार्टी सरकार भी इस मामले में अन्य राज्यों के साथ होड़ में है। दरअसल, देश के कई राज्यों में जनप्रतिनिधियों को वेतन-भत्तों के मद में जो राशि मिलती रही है, उसके मुकाबले दिल्ली में यह कुछ कम थी। लेकिन देश भर में आम जनता और उनके नुमाइंदों की आमदनी में तुलना करते हुए उसे कम भी नहीं माना गया। खासकर जो पार्टी राजनीति में एक नई परिपाटी शुरू करने का वादा करके सत्ता में आई, उसकी सरकार से जनप्रतिनिधियों के मुकाबले पहले आम जनता का खयाल रखने की अपेक्षा की जाती रही है। यों हाल के वर्षों में अमूमन सभी वर्गों के लोगों के खर्चों में जैसी बढ़ोतरी हुई है, महंगाई का स्तर जिस तरह बेलगाम होता गया है, उसमें प्रथम दृष्टया इस वेतन बढ़ोतरी के फैसले का औचित्य दिखता है। लेकिन सवाल है कि खर्च और आमदनी के मामले में आम जनता भी जिस समस्या से दो-चार है, क्या सरकारों को उस पर भी गौर करने की जरूरत महसूस होती है! विचित्र यह भी है कि सदन में जो विपक्षी पार्टियां सरकार की नीतियों और उसके फैसलों को आमतौर पर कसौटी पर रखती हैं, उसके नुक्तों को निकाल कर उसका विरोध करती हैं, उन सभी के बीच वेतन-भत्तों की बढ़ोतरी के मसले पर शायद ही कभी कोई असहमति के स्वर उभरते हैं। मसलन, जो भाजपा दिल्ली सरकार के कुछ नेताओं पर सीबीआइ और प्रवर्तन निदेशालय की कार्रवाई या सक्रियता को उनकी आय और भ्रष्टाचार से जोड़ कर देखती है, उसे विधायकों के वेतन-भत्तों में छियासठ फीसद की बढ़ोतरी पर कोई सवाल उठाना जरूरी नहीं लगता। जबकि सरकार की ओर से किसी भी जरूरी या गैरजरूरी खर्च को फिजूलखर्च बताना विपक्ष अपनी प्राथमिक जिम्मेदारी समझता रहा है। सही है कि दिल्ली में जनप्रतिनिधियों को अब भी देश के कुछ राज्यों के विधायकों को मिलने वाले वेतन-भत्तों के मुकाबले कम रकम मिलती है और उसके मद्देनजर मौजूदा बढ़ोतरी को बेलगाम नहीं कहा जा सकता है। लेकिन इसके साथ अगर सरकारें इस बात का भी ध्यान रखें कि जनप्रतिनिधियों की जरूरतों के समांतर आम जनता के सामने भी कई बार आय और क्रयशक्ति की मुश्किल खड़ी होती है, तो ऐसे फैसलों का औचित्य स्थापित होगा। गौरतलब है कि पंजाब में पिछले साल आम आदमी पार्टी की ही सरकार ने वहां के वर्तमान और पूर्व विधायकों की पेंशन और भत्तों में कटौती की थी। दिल्ली जैसे महानगर में गुजारा करने के लिए आवास, रोजमर्रा के खर्चे, परिवार का भरण-पोषण, बच्चों की पढ़ाई-लिखाई आदि के मद में जितनी न्यूनतम आय की जरूरत होती है, उतनी आज भी यहां की एक बड़ी आबादी बहुत मेहनत करके भी हासिल नहीं कर पाती।

# संगिनी फॉर एवर द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन राजस्थान रीजन एवं दिगंबर जैन सोशल ग्रुप सन्मति के तत्वावधान में दिगंबर जैन सोशल ग्रुप संगिनी फॉरएवर द्वारा जनकपुरी में 17 मार्च को विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ संगिनी अध्यक्ष श्रीमती शकुंतला ने बताया कि दीप प्रज्वलन कर्ता के रूप में श्रीमती कमलेश मनीष ठोलिया एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में विनय नवीन सेठी की उपस्थिति रही फेडरेशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष यशकमल अजमेरा एवं रीजन



अध्यक्ष राजेश बड़जात्या, रीजन सचिव निर्मल सांघी, सन्मति ग्रुप के उपाध्यक्ष सुनील गोदिका, सुधीर गोधा का भी सानिध्य प्राप्त हुआ।जनकपुरी मंदिर के अध्यक्ष पदम बिलाला एवं युवा मंडल के अध्यक्ष अमित तथा पार्षद नरेश शर्मा वह गोकुल मिश्रा तथा समय ग्रुप के कार्यकारिणी ने भी सम्पूर्ण व्यवस्था में पूरा सहयोग दिया। सचिव सुनिता गंगवाल एवं सभी सदस्यों ने इस कार्यक्रम को व्यवस्थित रूप देने में अपनी सहभागिता निभाई। कोषाध्यक्ष उर्मिला ने बताया कि सभी सदस्यों एवं रक्त दाताओं के अल्पाहार की भी व्यवस्था थी श्रीमती शीला अनीता पुष्पा लता अर्चना अलका रानी अनीता ठोलिया आदि सभी के सहयोग से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।शिविर में 20 यूनिट रक्त एकत्र किया गया।



## भगवान महावीर के 2621 वें जन्मोत्सव के अन्तर्गत आदिनाथ जयन्ती से महावीर जयन्ती तक

## दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन राजस्थान रीजन, जयपुर के तत्वावधान में

## दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सन्मति जयपुर के सहयोग से

मुख्य प्रायोजक
R K GROUP
Kishangarh, Rajasthan
www.rkmarble.com | www.wondercement.com
WONDER CEMENT
सह प्रायोजक
ARL Infratech Ltd.
सह प्रायोजक
समाचार जगत

विभिन्न संस्थाओ के सहयोग से 30 स्थानों पर

# रक्तदान शिविर

क्यों न खुद की एक पहचान बनाये। चलो रक्तदान करे और करवाये ।।

**मानव सेवार्थ 2621 यूनिट रक्त एकत्र करने के लक्ष्य के साथ निम्न 30 स्थानों पर रक्तदान शिविर आयोजित किये जा रहे हैं ।**

| क्र.सं. | रक्तदान शिविर | | रक्तदान शिविर स्थल | शिविर आयोजक | रक्तदान शिविर आयोजक | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | दिनांक | समय | | | अध्यक्ष | मंत्री/सचिव | सम्मानीय अतिथि | संयोजक |
| 1. | 14 मार्च | प्रातः 9 से 1 बजे तक | श्री महावीर दिगम्बर जैन कॉलेज सी-स्कीम, जयपुर | श्री दिगम्बर जैन महावीर शिक्षा परिषद् सी-स्कीम, जयपुर | श्री उमराव मल संघी | श्री सुनिल बक्शी | -- | डॉ. आशीष गुप्ता डॉ. मिनल शर्मा डॉ. नेहा गंगवाल |
| 2. | 17 मार्च | प्रातः 9 से 1 बजे तक | संयम भवन, श्री दिगम्बर जनकपुरी जैन मन्दिर ईमली फाटक, जयपुर | प्रबन्ध कार्यकारिणी समिति जनकपुरी जैन मन्दिर दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप संगिनी फोरएवर युवा मण्डल जनकपुरी जैन मन्दिर | श्री पदम बिलाला श्रीमती शकुन्तला बिन्दायका श्री अमित शाह | श्री देवेन्द्र कासलीवाल श्रीमती सुनिता गंगवाल श्री प्रतीक जैन | श्रीमती कमलेश-मनीष ठोलिया श्री विनय, नवीन सेठी | श्रीमती उर्मिला-राकेश जैन श्रीमती अनिता-कैलाश बिन्दायका |
| 3. | 19 मार्च | प्रातः 9 से 1 बजे तक | जैन भवन प्रेम कॉलोनी कल्याण नगर, टोंक रोड़ | श्री 1008 मुनिसुव्रतनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर कल्याण नगर दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप डायमण्ड | श्री उत्तम राणा श्री प्रमोद जैन सोनी | श्री दिनेश धाड़ूका श्री रमेश छाबड़ा | श्री यशकमल-संगीता अजमेरा | श्री अमरचन्द-बीना गंगवाल श्री प्रवीण-मैना मित्तल |
| 4. | 19 मार्च | प्रातः 9 से 2 बजे तक | श्री आदिनाथ भवन, मीरा मार्ग जैन मन्दिर साकेत हॉस्पिटल के पास, मानसरोवर | सखी गुलाबी नगरी श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन समिति, मीरा मार्ग, मानसरोवर | श्रीमती सारिका जैन श्री सुशील कुमार जैन | श्रीमती स्वाति जैन श्री राजेन्द्र कुमार सेठी | श्रीमती रश्मि-गजेन्द्र काला | श्रीमती मनिषा जैन श्रीमती रेशमा गोदिका श्रीमती आशा जैन श्रीमती रानी पाटनी |
| 5. | 19 मार्च | प्रातः 9 से 1 बजे तक | वेलटन हॉस्पिटल, 219-220, महावीर नगर, जैन मन्दिर के पास, टोंक रोड़, जयपुर | दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप गुलाबी नगर दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप मैत्री | श्री सुनिल बज श्री सुनिल बड़जात्या | श्री विनोद बड़जात्या श्री अजय जैन | ------- | श्री कैलाश-शशि पाटनी श्री महावीर-मुन्ना देवी पाण्ड्या श्री रितेश-रीना अजमेरा श्री अमित-प्रीति जैन |
| 6. | 19 मार्च | प्रातः 9 से 1 बजे तक | श्री दिगम्बर जैन मन्दिर SFS, राजावत फार्म, मानसरोवर, जयपुर | श्री वर्धमान दिगम्बर जैन समिति श्री वर्धमान दिगम्बर जैन युवा मण्डल श्री वर्धमान दिगम्बर जैन महिला मण्डल | डॉ. राजेश काला श्री संदीप गंगवाल श्रीमती उर्मिला पाटनी | श्री सोभागमल जैन श्री जिनेन्द्र जैन श्रीमती उषा पापड़ीवाल | श्रीमती कुमकुम जैन श्री साकेत-सोनिया जैन श्री आदेश-प्रियंका जैन कुमकुम फोटा स्टूडियो, मानसरोवर | श्री कमलेश पाण्ड्या |
| 7. | 19 मार्च | प्रातः 11 से 2 बजे तक | अग्रवाल प्रोपर्टीज NRI जंक्शन, महल रोड़, जगतपुरा | अग्रवाल प्रोपर्टीज jaipurflat.com | श्री अशोक अग्रवाल श्री मुरारी लाल | ------- | ------- | श्री राकेश कुमार संघी |
| 8. | 19 मार्च | प्रातः 9 से 1 बजे तक | मंगलधाम, टोडरमल स्मारक भवन बापू नगर, जयपुर | दिगम्बर जैन महासमिति सी-ईकाई बापू नगर, जयपुर | श्री हीराचन्द बैद | श्री राकेश संघी | CA प्रदीप-सरोज जैन CA आशीष-अन्नू जैन | श्री कैलाश बक्शी |
| 9. | 22 मार्च | प्रातः 10 से 5 बजे तक | कार्यालय भवन, सीतापुरा इण्डस्ट्रीज एसोशियन सीतापुरा, जयपुर | सीतापुरा इण्डस्ट्रीज एसोशियन सीतापुरा, जयपुर | श्री निलेश अग्रवाल | श्री शोभित शर्मा | ------- | श्री अनिल संघी |
| 10. | 23 मार्च | प्रातः 11 से 3 बजे तक | राजवंश पब्लिक सीनियर सैकण्डरी स्कूल बरकत नगर, गली न. 8, टोंक फाटक | दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सम्यक् | श्री महावीर बोहरा | डॉ. इन्द्रकुमार जैन | श्री पुष्पेन्द्र कुमार जी | श्रीमती सीता चौहान श्री नवल जैन |
| 11. | 24 मार्च | दोपहर 12 से सायं 4 बजे | TATA AIG General Ins. Co. Plot No. C-93-94, Off. No. 101-103, Fortune Heights, Subhash Marg, C-Scheme, Jaipur | TATA AIG General Ins. Co. Plot No. C-93-94, Off. No. 101-103, Fortune Heights, Subhash Marg, C-Scheme, Jaipur | श्री अमित कुमार शर्मा श्री सुनिल जैन | ------- | ------- | श्री अमित कुमार शर्मा श्री सुनिल जैन |
| 12. | 24 मार्च | दोपहर 3 से सायं 7 बजे | A.D. Enterprises (ADEN) B-15, ट्रांसपोर्ट नगर, LIC के पास, आगरा रोड़ | A.D. Enterprises (ADEN) | श्री नितिन जैन श्री समकित जैन | ------- | श्री दिनेश-संगीता गंगवाल | श्री नितिन जैन श्री समकित जैन |
| 13. | 25 मार्च | प्रातः 9 से 1 बजे तक | शान्तिनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर, सेक्टर-3, सत्कार शोपिंग सेन्टर, मालवीय नगर, जयपुर | श्री दिगम्बर जैन मन्दिर ट्रस्ट दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप स्वास्तिक | श्री सी.एल. जैन श्री सतीश बाकलीवाल | ------- श्री अजीत बड़जात्या | श्री वीरेन्द्र कुमार-शान्ता जैन | श्री पवन-रेखा ठोलिया श्री राजकुमार-स्नेहलता जैन |
| 14. | 25 मार्च | प्रातः 9 से 2 बजे तक | नवकार किचन एण्ड हार्डवेयर शॉप नं. 22, सन्नी मार्ट, न्यू आतिश मार्केट, जयपुर | श्री भारतवर्षीय दिगम्बर जैन युवा महासभा, जिला जयपुर भारतीय जैन मिलन, जयपुर भारतीय जैन मिलन, महिला विंग | श्री अनिल जैन श्रीमती पूनम तिलक | श्री तरूण जैन श्रीमती अनिता जैन | डॉ. अर्चना शर्मा अध्यक्ष-राज. राज्य समाज कल्याण बोर्ड | श्रीमती सुनिता जैन |
| 15. | 26 मार्च | प्रातः 9 से 2 बजे तक | श्री दिगम्बर जैन मन्दिर लाल डिब्बा चौराहे के पास, मुरलीपुरा, जयपुर | दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप वीर श्री महावीर दिगम्बर जैन मन्दिर सेवा समिति, मुरलीपुरा | श्री नीरज जैन श्री धर्मचन्द बड़जात्या | श्री पंकज जैन श्री नीरज जैन | ------- | श्री आशीष जैन |
| 16. | 26 मार्च | प्रातः 9 से 1 बजे तक | बंजी ठोलिया की धर्मशाला हल्दीयों का रास्ता, जौहरी बाजार, जयपुर | जौहरी बाजार महिला मण्डल जयपुर | डॉ. शीला जैन | डॉ. पुष्पा सौगानी | श्री श्रवण कुमार सुनिल, सौरभ गोदिका श्री शैलेश-सुनीता पाण्ड्या | श्रीमती नीरा लुहाड़िया, तरूणा संघी, विद्या कासलीवाल राज गोधा, सुधा शाह, सुधा वैद, इंदु संघी नलिनी कटारिया, रीना ठोलिया, अर्चना पाटनी मिनाक्षी सोनी, ममता शाह, उमा पाटनी, कविता अजमेरा साधना गोदिका, संगीता छाबड़ा, बबिता सोगानी |
| 17. | 26 मार्च | प्रातः 10 से 3 बजे तक | श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर थड़ी मार्केट, मानसरोवर, जयपुर | दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप नवकार श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन समिति, थड़ी मार्केट श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर महिला मण्डल | श्री मोहनलाल गंगवाल श्री पवन कुमार जैन (नगीना वाले) श्रीमती भंवरी बाई | श्री गिरिश कुमार जैन श्री अनिल कुमार जैन | ------- | श्री ज्ञानचन्द जैन श्री शरद हींगड़ डॉ. अजीत कुमार जैन |
| 18. | 26 मार्च | प्रातः 9 से 1 बजे तक | श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर मधुवन, किसान मार्ग, टोंक फाटक, जयपुर | श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर प्रबन्ध समिति जय जिनेन्द्र महिला मण्डल सेवार्थ संगठन | श्री संतोष जैन अनोपड़ा श्रीमती उषा छाबड़ा | श्री अनिल छाबड़ा श्रीमती मंजू पहाड़िया | श्रीमती माणक देवी, दिलीप, किशोर, सुनील, अभिनव कासलीवाल श्री सुभाष चन्द-प्रभारानी जैन श्रीमती मनोरमा, सुनील, अनिल छाबड़ा | श्री राजेश छाबड़ा श्री जितेन्द्र पाटौदी |
| 19. | 26 मार्च | प्रातः 9 से 3 बजे तक | वर्धमान भवन, दिगम्बर जैन समाज समिति नेमीसागर कॉलोनी, वैशाली नगर, जयपुर | श्री नेमीनाथ दिगम्बर जैन समाज समिति | श्री जे.के. जैन (कालाडेरा) | श्री प्रदीप निगोतिया | ------- | श्री जयकुमार बड़जात्या, पूनम ठोलिया विपिन पाटनी, नीरज पहाड़िया विकास कासलीवाल, गौरव अजमेरा, राजेन्द्र सेठी |
| 20. | 27 मार्च | प्रातः 10 से 3 बजे तक | जिला सत्र न्यायालय, सांगानेर बम्बाला पुलिया, प्रताप नगर, जयपुर | दी बार ऐसोशिएशन, सांगनेर | एडवोकेट महावीर सुरेन्द्र जैन | एडवोकेट नेमीचन्द सांभरियां | ------- | एडवोकेट सुरेन्द्र कुमार जैन एडवोकेट संजय कुमार जैन एडवोकेट अमित जैन |
| 21. | 29 मार्च | प्रातः 10 से 3 बजे तक | ARL Infratech Ltd. Village Dhami Khurd, bagru, N.H-8 Ajmer Hiway | ARL Infratech Ltd. | श्री नन्द किशोर, प्रमोद पहाड़िया | ------- | ------- | श्री मधु थानवी |
| 22. | 1 अप्रेल | प्रातः 10 से 4 बजे तक | Yes Boys PG Hostel 500 Surya Nagar, Near Gangotri Garden, Gopal Pura Bypass | सोशल एण्ड ब्लड एड सोसायटी | श्री राकेश गोदिका | श्री जयकुमार बड़जात्या | श्री अनिल जाट (स्व. श्री चौधरी रामनाथ जी बिजारणियां की पुण्य स्मृति में) | श्री मनीष लोंग्या, श्री सुधीर गोधा श्री अनिल रांवका, श्री अशोक सेठी |
| 23. | 2 अप्रेल | प्रातः 9 से 3 बजे तक | प्रज्ञा इंस्टीट्यूट ऑफ पर्सनेलिटी डवलपमेंट गली नं. 6, बरकत नगर, जयपुर | प्रज्ञा इंस्टीट्यूट ऑफ पर्सनेलिटी डवलपमेंट | श्री सौरभ जैन (डॉयरेक्टर) | अनिषा गोयल | ------- | श्री जय सोनी श्री तरूण शर्मा |
| 24. | 2 अप्रेल | प्रातः 9 से 3 बजे तक | श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर संघी जी सीटीएस बस स्टेण्ड, सांगानेर, जयपुर | श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर समिति जैन सोश्यल ग्रुप महानगर | श्री प्रेमचन्द बज श्री संजय जैन आवां | श्री सुरेश कासलीवाल श्री सुनील गंगवाल | ------- | श्री पुखराज-गितीका जैन श्री अभय-अनिता बोहरा |
| 25. | 2 अप्रेल | प्रातः 9 से 1 बजे तक | पार्श्वनाथ भवन नाटाणियों का रास्ता, चौड़ा रास्ता | श्री दिगम्बर जैन मुनि संघ प्रबन्ध समिति | श्री देव प्रकाश खण्डाका | श्री ओमप्रकाश काला | श्रीमती ललिता जी जायसवाल (पार्षद) | श्री मुकेश जैन श्री रमेश गंगवाल श्री राजेश गंगवाल |
| 26. | 2 अप्रेल | प्रातः 9 से 2 बजे तक | अपेक्स इन्टरनेशनल स्कूल लालकोठी, जयपुर | जैन सोश्यल ग्रुप राजधानी जैन सोश्यल ग्रुप कैपिटल संगिनी फोरम, जयपुर | श्री अरूण-सुमन जैन श्रीमती मीना-सुनील चौधरी | श्री दिलीप-नमिता टकसाली श्रीमती अलका-सुधीर गोधा | श्री केशव (अज्जू जी)-सपना गोदिका (के.जी.जेम्स) | श्री संजय-मीनू जैन श्री ऋषभ-निशा जैन श्रीमती कविता-मंयक भोंच श्रीमती मिनाक्षी-मनीष जैन |
| 27. | 2 अप्रेल | प्रातः 10 से 1 बजे तक | एम्बीशन किड्स एकेडमी 62/121, प्रताप नगर, श्योपुर, मेन रोड़, सांगानेर | दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप तीर्थंकर एम्बीशन किड्स एकेडमी | डॉ. एम.एल. जैन 'मणि' डॉ. मनीष जैन 'मणि' | श्री विजय चंद कासलीवाल डॉ. अलका जैन | ------- | डॉ. शान्ति जैन 'मणि' श्रीमती अनिता जैन श्रीमती भूमि जैन |
| 28. | 2 अप्रेल | प्रातः 9 से 1 बजे तक | जय सागर फार्म हाऊस सिमलियां रोड़, नवग्रह जैन मन्दिर के पास, वाटिका | सोशल एण्ड ब्लड एड सोसायटी | श्री राकेश गोदिका | श्री जयकुमार बड़जात्या | श्री मनीष-शोभना लोंग्या श्री सन्नी-रिद्धि लोंग्या | श्री राजेश-रानी पाटनी श्री दिलीप-प्रमिला पाटनी |
| 29. | 2 अप्रेल | प्रातः 9 से 1 बजे तक | श्री महावीर दिगम्बर जैन मन्दिर प्रांगण सेक्टर-5, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर | लाडो सामाजिक सेवा संस्थान "करो रक्तदान बनों महान" | श्री नितेश जैन श्री गौरी शंकर राजावत | श्रीमती मीनू जैन कु. हर्षिता जैन | श्री बाबूलाल जी, संदीप पाण्ड्या श्री सतीश अजमेरा श्री णमोकार जैन | श्री प्रद्युमन बाकलीवाल दीपक जैन, सौरभ अजमेरा सुमित पहाड़िया, सुनील चौधरी |
| 30. | 2 अप्रेल | प्रातः 8 से 2 बजे तक | वर्धमान हॉस्पिटल जयपुर रोड़, गंगापुर सिटी | दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप गंगापुर सिटी | श्री विमल जैन गोधा | डॉ. मनोज जैन | वर्धमान हॉस्पिटल गंगापुर सिटी | श्री नरेन्द्र-नीता जैन नृपत्या |

समाज भूषण स्वर्गीय श्री राजेन्द्र के. गोधा जी की पुण्य स्मृति में

## भक्तामर स्तोत्र दीप अनुष्ठान एवं जीवन रक्षक सम्मान समारोह–2023

(रक्तदान शिविर आयोजन करने में सहयोग करने वाली समस्त संस्थाओं का सम्मान किया जायेगा)

रविवार, 2 अप्रेल 2023
सायं 7.00 बजे से
छतरी वाला भाग, भट्टारक जी की नशियां
नारायण सिंह सर्किल, जयपुर

:: आयोजन समिति ::

मुख्य समन्वयक: यश कमल - संगीता अजमेरा | परामर्शक: दर्शन - विनीता बाकलीवाल | समन्वयक: मनीष - शोभना लोंग्या

सह-समन्वयक :: विनोद – हेमा सोगानी, चक्रेश –पिंकी जैन, अनिल–प्रेमा रांवका
राजेश – रानी पाटनी, अनिल – ज्योति जैन चौधरी

संयोजक :: धीरज–सीमा पाटनी, नितेश–मीनू पाण्ड्या,
संजय–ज्योति छाबड़ा, सपन–रजनी जैन छाबड़ा, पंकज–नीना जैन
विजय–माया झांझरी, सुधीर–अलका गोधा, अजय–वर्षा बाकलीवाल

निवेदक :: दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप राजस्थान रीजन, जयपुर

राजेश–सीमा बड़जात्या (अध्यक्ष) | अनिल–शशि जैन (संस्थापक अध्यक्ष) | निर्मल–सरला संघी (महासचिव)
महेन्द्र कुमार पाटनी (वरिष्ठ परामर्शक) | सुरेन्द्र–मृदुला पाण्ड्या (परामर्शक) | नवीन सेन–शशि जैन (परामर्शक)
यशकमल–संगीता अजमेरा (निर्वतमान अध्यक्ष) | अतुल–निलिमा बिलाला (पूर्व अध्यक्ष) | पारस–मंजू जैन (कोषाध्यक्ष)

आयोजक :: दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सन्मति जयपुर

राकेश–समता गोदिका (अध्यक्ष) | दिनेश–संगीता गंगवाल (परामर्शक) | मनीष–शोभना लोंग्या (कार्याध्यक्ष) | सुनील–सुनीता गोदिका (उपाध्यक्ष) | चक्रेश–पिंकी जैन (उपाध्यक्ष) | राकेश–रेणु संघी (उपाध्यक्ष) | महेन्द्र–सुनिता कासलीवाल (उपाध्यक्ष) | अनिल–निशा संघी (सचिव)
कमल–मंजु ठोलिया (सांस्कृतिक सचिव) | राजेश–रितु छाबड़ा (संगठन सचिव) | राजेश–रानी पाटनी (संगठन सचिव) | प्रदीप–प्राची बाकलीवाल (संयुक्त सचिव) | चेतन–डॉ. अनामिका पापड़ीवाल (संयुक्त सचिव) | राजेन्द्र–कुसुम जैन (खेल सचिव) | अनिल–अनिता जैन (कोषाध्यक्ष)

कार्यकारिणी सदस्य : अनिल–ज्योति चौधरी ❊ डॉ अनुपम–विनीता जैन ❊ सपन–रजनी छाबड़ा ❊ नितेश–मीनू पाण्ड्या ❊ विशेष आमंत्रित : अशोक–अर्चना पाटनी ❊ अशोक सेठी

सम्पर्क सूत्र :: 9414078380, 9829067076, 9785074581, 9887555249, 9414073035

मुद्रक : वर्धमान प्रिण्टर्स 9314263204

# गुरुमां के मुरार की ओर बढ़ते कदम

## 19 मार्च को मुरार में भव्य मंगल प्रवेश



मनोज नायक. शाबाश इंडिया

**मुरेना।** ज्ञानतीर्थ जैन मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के पश्चात जैन साध्वी आर्यिका संघ का विहार मुरार (ग्वालियर) की ओर चल रहा है ।पूज्य आर्यिका संघ का भव्य मंगल प्रवेश उपनगर मुरार में 19 मार्च को प्रातःकालीन वेला में होगा। परम पूज्य गुरुमां गणिनी आर्यिका श्री लक्ष्मीभूषण माताजी एवं स्वस्तिधाम प्रणेत्री गुरुमां गणिनी आर्यिका श्री स्वस्तिभूषण माताजी ससंघ का मंगल पद विहार मुरेना से मुरार के लिए हो गया है ।पूज्य आर्यिका संघ ने आज श्री मुनिसुव्रतनाथ दिगम्बर जैन चैत्यालय, रायरू से मुरार की ओर विहार किया। आज की आहारचर्या व्रन्दावन गार्डन, गोले का मन्दिर रोड पर होगी।ग्वालियर के उपनगर मुरार में रविवार 19 मार्च को प्रातः पूज्य आर्यिका संघ का भव्य मंगल प्रवेश होगा । आज गुरुमां के बिहार में मुरार से धर्मेंद्रकुमार जैन (दुहिया वाले), राजकुमार जैन (दरोगा जी) राकेश जैन (सुखाड़िया), जैन युवा सेवा मंडल के मनोज जैन, अभिषेक जैन, सचिन जैन, आशीष जैन, महेंद्र जैन, अर्पित जैन, रजत जैन, ऋषभ जैन, अभिषेक जैन, लाला गौरव जैन बाबा अभिनव जैन, मनीष जैन, पारस जैन, मुकुल जैन, मोहन जैन, राजेश जैन लाला मित्र मण्डल के राजेश जैन लाला, देवेंद्र जैन, विपुल जैन सहित अनेकों कार्यकर्ता सम्मिलित हुए ।

# हनुमान जयंति पर बहेगी भक्ति की धारा, लगेगा 2500 किलो काजूकतली का महाभोग

## भीलवाड़ा के श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर पर आयोजन की शुरू हुई तैयारियां

सुनील पाटनी. शाबाश इंडिया



**भीलवाड़ा।** भगवान राम के अनन्य भक्त श्री हनुमानजी महाराज की जयंति पर भीलवाड़ा शहर में मुख्य डाकघर के नजदीक स्थित श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर पर होने वाले दो दिवसीय आयोजन की तैयारियां शुरू हो गई है। हनुमान जयंति पर ये आयोजन 5 एवं 6 अप्रेल को मंदिर के महन्त बाबूगिरीजी महाराज के सानिध्य में होंगे।हनुमान जयंति पर हर वर्ष की तरह इस बार भी 2500 किलो काजू कतली का भोग लगाया जाएगा। श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर के ट्रस्टी महावीरप्रसाद अग्रवाल ने बताया कि आयोजन को सफल बनाने के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही है एवं भक्तों को अलग-अलग दायित्व सौंपे गए है। दो दिवसीय आयोजन के पहले दिन 5 अप्रेल को हनुमानजी महाराज की प्रतिमा को स्वर्ण चोला चढ़ाया जाएगा। रात 8 बजे से मंदिर के बाहरी क्षेत्र में होने वाली विशाल भव्य भजन संध्या में संकटमोचन हनुमानजी महाराज की भक्ति की अविरल धारा प्रवाहित होंगी। भजन संध्या में जयपुर निवासी बॉलीवुड सिंगर प्रमोद त्रिपाठी, उमा लहरी एवं गोपाल सेन अपनी टीम के साथ हनुमान भक्ति से ओतप्रोत भजनों की प्रस्तुति देंगे। देर रात तक चलने वाली इस भजन संध्या में बड़ी संख्या में भक्तों के उमड़ने की संभावना को ध्यान में रखते हुए व्यवस्था की जा रही है। हनुमान जयंति पर 6 अप्रेल को मंदिर का मनमोहक फूलों से आकर्षक श्रृंगार किया जाएगा। दोपहर 12.15 बजे महाआरती के बाद हनुमानजी महाराज को 2500 किलो काजूकतली का महाभोग लगाया जाएगा। हनुमानजी के जन्तोत्सव पर 11 किलो का केक भी काटा जाएगा। महाआरती एवं महाभोग के बाद काजूकतली का प्रसाद भक्तों में वितरित किया जाएगा। हनुमान जयंति पर रात 8 बजे से साकेत रामायण मंडल की ओर से संगीतमय सुंदरकांड की प्रस्तुति दी जाएगी। हनुमान जयंति महोत्सव के अवसर पर मंदिर पर विशेष सजावट के साथ नगर परिषद चौराहे से लेकर गोलप्याउ चौराहे तक भी विशेष सजावट व रोशनी की जाएगी।

# राजस्थान में पहली बार अखिल भारतीय दृष्टिबाधित कवि सम्मेलन आज

## देश के ख्यातनाम कवि सुनाएंगे कविताएं


**जयपुर. शाबाश इंडिया।** राजस्थान में पहली बार अखिल भारतीय दृष्टिबाधित कवि सम्मेलन 18 मार्च को साय 7 बजे नारायण सिह सर्किल स्थित भट्टारक जी की नसियां के इन्द्रलोक सभागार में अनुराग संगीत संस्थान के तत्वावधान में आयोजित होगा। आयोजन की संपूर्ण तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। संस्थान के अध्यक्ष ज्ञानचन्द झांझरी व महामंत्री डॉ. अजीत जैन ने बताया कि कवि सम्मेलन में देश के विभिन्न प्रांतों के दृष्टिबाधित कवि अपनी प्रस्तुतियां देंगे। इस मौके पर छतरपुर से अनुराग पाठक ''प्रबल'', आगरा से शायरा डॉ. आरफा शबनम, मथुरा से रामखिलाड़ी स्वदेशी, खंडवा से अकबर ताज, बेगूसराय से शिवशंकर उपाध्याय 'अंतरंग', पटना से शैलेन्द्र शैल और भोपाल से राधेश्याम पंवारिया कविताओं की प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम के मुख्य समन्वयक महेश काला ने कहा कि मुख्य अतिथि प्रमुख समाजसेवी श्रीमती ऋतु कासलीवाल, दीप प्रज्लनकर्ता एआरएल ग्रुप की शांति पहाड़िया होंगी। स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड फॉर डिसेवल इंडिया की चेयरपर्सन निर्मला रावत कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगी।


श्री लेख राज-श्रीमती आभा जैन

जैन सोशल ग्रुप सन्मति के सम्मानीय सदस्य

की वैवाहिक वर्षगांठ

(18 मार्च) पर




हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं

शुभेच्छु

**अध्यक्ष:** राकेश-समता गोदिका, **परामर्शक:** दिनेश-संगीता गंगवाल

**कार्याध्यक्ष:** मनीष - शोभना लोंग्या, **सचिव:** अनिल - निशा संघी, **कोषाध्यक्ष:** अनिल - अनिता जैन

एवं समस्त सदस्य दिग. जैन सोशल ग्रुप सन्मति, जयपुर

# राज्यपाल को शपथ विधि समारोह का आमंत्रण



राजेश जैन दद्दू. शाबाश इंडिया

**इंदौर।** दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन की राज्यपाल से भेंट। मध्यप्रदेश के राज्यपाल महोदय मँगुभाई पटेल जी से राजभवन में राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश विनायका व सामाजिक संसद इंदौर के अध्यक्ष राजकुमार जी पाटोदी, राष्ट्रीय संयुक्त महासचिव आशीष जैन सुतवाले ,राष्ट्रीय सचिव ऋषभ जैन, रीजन सचिव रितेश पाटनी जी के साथ भेंट का अवसर प्राप्त हुआ । प्रचार प्रमुख राजेश जैन दद्दू ने बताया की। राज्यपाल को दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन ,उससे संबद्ध ग्रुप के कार्यों के बारे में जानकारी दी, एवं सोशल ग्रुप के राष्ट्रीय शपथ विधि कार्यक्रम हेतु विशेष निवेदन किया। राज्यपाल ने सोशल उपस्थिति हेतु पूर्ण प्रयास करने का आश्वस्त किया।

## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर '**शाबाश इंडिया**' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

सम्पादकः राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com

# जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव का मनाया जन्म एवं तप कल्याणक

### असी, मसी, कृषि, शिल्प, कला वाणिज्य से विश्व को परिचित कराया ऋषभदेव भगवान ने

**कामां. शाबाश इंडिया।** जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ का जन्म व तप कल्याणक महोत्सव कामा के कोट ऊपर स्थित आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर के प्रांगण में सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वावधान में मन्दिर पुजारियों द्वारा भगवान का मंदिर परिसर में विहार, शांति धारा व सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ मनाया गया। आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर के व्यवस्थापक शीतल जैन बैनाडा ने बताया कि गुरुवार को प्रात निरोत्तम चंद अनिल जैन पंसारी परिवार के द्वारा धवजारोहण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया तो वही भगवान की पालकी यात्रा आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर प्रांगण में बैंड बाजे के साथ निकाली गई,इस अवसर पर सौधर्म इंद्र बनने का सौभाग्य भागचंद सुशील कुमार रिंकेश जैन बड़जात्या परिवार को प्राप्त हुआ वहीं शची इंद्राणी बनने का सौभाग्य अंजू जैन धर्मपंत्नी उत्तम जैन परिवार को प्राप्त हुआ व सांय भक्तामर स्त्रोत्र श्लोक पर 48 दीप प्रज्वलन कर विश्व शांति की कामना की गई। इस अवसर पर भगवान का पालना भी झुलाया गया तो प्रथम पालना झुलाने का सौभाग्य दुलीचंद शीतल जैन सोनू जैन बैनाडा परिवार को प्राप्त हुआ ।कार्यक्रम का संचालन करते हुए धर्म जागृति संस्थान के अध्यक्ष संजय जैन सर्राफ ने कहा कि आदिनाथ भगवान का जन्म चैत्र कृष्ण नौवीं के दिन सूर्योदय के समय हुआ। उन्हें जन्म से ही संपूर्ण शास्त्रों का ज्ञान था। उन्हें ऋषभनाथ, ऋषभदेव, आदिब्रह्मा, पुरुदेव और वृषभदेव भी कहा जाता है।





# रिषा जैन ने इंगलिश क्रिएटिव राईटिंग और रील मेकिंग में प्रथम स्थान प्राप्त किये

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

राजकीय महाराज आचार्य संस्कृत महाविद्यालय, जयपुर द्वारा आयोजित 'लास्यम्' अन्तर्महाविद्यलाय प्रतियोगित्ता में इंग्लिश क्रिएटिव राईटिंग और रील मेकिंग प्रतियोगित्ता में एस. एस. जैन सुबोध पी.जी. ऑटोनोमस कॉलेज, जयपुर कि मास्क कम्यूनिकेशन कि छात्रा रिषा जैन ने प्रथम स्थान प्राप्त किये। उल्लेखनीय है कि प्रतियोगित्ता में राजस्थान के सभी सरकारी व गैर सरकारी कॉलेजो के छात्र-छात्राओं ने बडी संख्या में भाग लिया था। रिषा जैन को पुरस्कार डॉ. इन्दिरा खत्री - सह आचार्य एवं डॉ. रेखा वर्मा - सह आचार्य ने संयुक्त रुप प्रदान किया। पुरस्कार के रुप में प्रमाण-पत्र और नकद राशि प्रदान की गई। समारोह मे महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. भास्कर शर्मा ' श्रोत्रिय' और समन्वयक प्रो. शालिनी सक्सेना भी उपस्थित थी।



# डॉ. अनुपम जैन माइनर प्रोजेक्ट ''राजस्थान के प्रमुख शहरों में एकीकृत कचरा प्रबंधन का अध्ययन'' के लिए पुरस्कृत



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

पोद्दार इंटरनेशनल कॉलेज मानसरोवर जयपुर के व्यावसायिक और प्रबंध विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. अनुपम जैन को माइनर प्रोजेक्ट ₹राजस्थान के प्रमुख शहरों में एकीकृत कचरा प्रबंधन का अध्ययन₹ के लिए भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद-आईसीएसएसआर से 4.86 लाख रुपये का वित्तीय समर्थन प्रदान किया गया है। इसके लिए डॉ. अनुपम जैन को बहुत-बहुत बधाई।


# विराट कवि सम्मेलन




आप सभी के सहयोग से दिनांक 26/03/2023, रविवार साय 7:15 PM पर 911वें **अजमेर स्थापना दिवस** एवम **महावीर जयन्ती** की पूर्व संध्या पर विशाल कवि सम्मेलन का प्रोग्राम जैन छतरी मंदिर के प्रांगण पर किया जा रहा है 1

**जिसमें आप सभी सादर आमन्त्रित है 1**

रूपश्री जैन
अध्यक्ष

JSG

प्रदीप पाटनी
उपाध्यक्ष

**Jain Social Group (Main)**

**सकल जैन समाज**

**अजमेर**




# जैन सोशल ग्रुप कोटा ने किया डेड बॉडी फ्रीजर का लोकार्पण

**कोटा. शाबाश इंडिया**

आजकल अधिकांश बच्चे मेट्रो सिटी या फिर विदेश में जॉब या पढ़ाई करते है। इस कारण परिवार के किसी भी सदस्य के मरणोपरांत शव को रखने के लिए डेड बॉडी फ्रीजर की जरूरत को देखते हुए जैन सोशल ग्रुप कोटा के अध्यक्ष डा समीर मेहता ने जैन समाज में पहला डेड बॉडी फ्रीजर लाने का मानस बनाया।सभी पूर्व अध्यक्ष व बोर्ड मेंबर्स की सहमति से इस नेक प्रोजेक्ट का दिनांक 17 मार्च को लोकार्पण मेहता नर्सिंग होम वल्लभबाड़ी में किया गया ।चेयरमेन निशा नरेश वैद ने बताया की इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मेडिकल कॉलेज कोटा प्राचार्य डा संगीता सक्सेना एवं अध्यक्षता पंकज मेहता अध्यक्ष वर्धमान स्थानकवासी संस्थान ने करी व विशिष्ट अतिथि कोटा डेवलपमेंट फोरम संस्थापक अध्यक्ष टी सी मेहता ,ओसवाल समाज महासचिव महेंद्र कॉंकरीया, दिगंबर समाज अध्यक्ष विमल जैन नांता,जे एस जी आई एफ वाईस चेयरमैन मनीष जैन जीतो कोटा महासचिव प्रज्ञा मेहता थी। कार्यक्रम में अनिल काला, राकेश जैन, नरेश पांड्या, अरविंद जैन, पंकज सेठी, नरेंद्र जैन, जंबू जैन,डा सपना मेहता.डा साधना जैन उपस्थित थे। डॉ. समीर ने सभी सदस्यों को विद्युत शवदाह का प्रयोग करने व दो वृक्षों को जलने से बचाने की भी शपत दिलायी। सचिव गरिमा शैलेश गोधा ने अंत में सभी को आभार व्यक्त किया।







# रक्तदान शिविर के बैनर पोस्टर का सुरेंद्र पांड्या ने किया विमोचन

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

दिगंबर जैन सोशल ग्रुप सन्मति द्वारा रीजन के तत्वावधान में विभिन्न संस्थाओं के सहयोग से आयोजित होने वाले 30 रक्तदान शिविरों के पोस्टर बैनर आदि का आज भट्टाराक जी की नसिया में एक संक्षिप्त समारोह में विमोचन दिगंबर जैन महासमिति के राष्ट्रीय महामंत्री सुरेंद्र पांड्या ने रीजन अध्यक्ष राजेश बड़जात्या , महासचिव निर्मल संघी के साथ किया। सन्मति ग्रुप अध्यक्ष राकेश गोदिका ने बताया कि इस अवसर पर मनीष लोंग्या, अनिल संघी, राकेश संघी, सुनील गोदिका, राजेश छाबड़ा, अनिल रावका, सुधीर गोधा, अनिल जैन नवकार किचन, नवाकर ग्रुप अध्यक्ष एम एल गंगवाल आदि अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।